<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–06.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- झारखंड हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद जेएसएससी ने स्नातक प्रशिक्षित संयुक्त शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2016 का स्टेट मेरिट लिस्ट किया जारी, अदालत ने आज जेएसएससी अध्यक्ष को किया तलब।
- उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा छह केन्द्रों पर 10 सितंबर से फिर होगी शुरु, पलामू के 42 हजार अभ्यर्थियों की दौड़ 19 और 20 सितंबर को।
- रांची में आज से सशक्त सेना– समृद्ध भारत प्रदर्शनी का आयोजन, राज्यपाल और रक्षा राज्यमंत्री करेंगे उदघाटन, सेना के शौर्य और पराक्रम की दिखेगी झलक।
- झारखंड पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर, मौसम विभाग ने अगले तीन दिन राज्य के पश्चिमी क्षेत्रों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।
- पेरिस पैरालिंपिक की जूडो स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने कपिल परिमार, भारत के पदकों की संख्या 25 तक पहुंची।

***************

झारखंड हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने स्नातक प्रशिक्षित संयुक्त शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा–2016 के 26 विषयों की स्टेट मेरिट लिस्ट जारी कर दिया है। इससे पहले न्यायाधीश दीपक रोशन की अदालत ने इस प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर दायर पांच दर्जन से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने परीक्षा की मेरिट लिस्ट जारी नहीं करने पर कड़ी नाराजगी जतायी और आज दिन के साढ़े ग्यारह बजे जेएसएससी के अध्यक्ष को अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया। इसके कुछ ही घंटे बाद आयोग की ओर से इस परीक्षा की मेरिट लिस्ट जारी कर दी गयी।

***************

झारखंड उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 10 सितंबर से फिर शुरु होगी। लेकिन यह परीक्षा अब पलामू में नहीं होगी। पलामू के शेष बचे 42 हजार अभ्यर्थियों की दौड़ अब छह अन्य केन्द्रों पर 19 और 20 सितंबर को होगी। केन्द्र बदलने के कारण झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग उनके लिए नये सिरे से एडमिट कार्ड जारी करेगा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आरके मल्लिक ने यह जानकारी दी।

***************

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान की आलोचना की है, जिसमें उन्होंने उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान हुई युवाओं की मौत के लिए कोरोना के टीके को जिम्मेवार ठहराया था। श्री बाउरी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री युवाओं की मौत का उपहास उड़ा रहे हैं।

***************

इधर, झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा को साकारात्मक राजनीति करने की सलाह दी है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान युवाओं की मौत पर तथ्यहीन राजनीति नहीं होनी चाहिए।

**************

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने फिर कहा है कि संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण आदिवासी समाज के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मसला है और इस समस्या का समाधान भाजपा ही कर सकती है।

**************

इस बीच राज्य के मंत्री दीपक बिरुआ ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को भाजपा का राजनीतिक स्टंट बताया है। सरायकेला जिले में झामुमो की विधानसभा स्तरीय बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सीमा की सुरक्षा केन्द्र के हाथ में होती है।

**************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

**************

राजधानी रांची में आज से सशक्त सेना—समृद्ध भारत भारत प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। अब से कुछ देर बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उदघाटन करेंगे। प्रदर्शनी में सेना के सौर्य और पराक्रम की झलक देखने को मिलेगी।

**************

बोकारो के चंदनक्यारी प्लस टू हाईस्कूल की शिक्षिका डा. आशा रानी ने परंपरा और आधुनिकता को मिलाकर शिक्षा को एक नया रुप दिया है। उनके इसी योगदान के लिए शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उन्हें दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया।

**************

पाकुड़ जिले की महिलाओं को फास्ट फूड का प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाने के साथ—साथ आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल तेज़ कर दी गयी है —

**************

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर विभाग द्वारा येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दवाब से बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर राज्य में

देखने को मिलेगा। इस दौरान पलामू, गढ़वा और चतरा समेत पूरा दक्षिणी–पश्चिमी भाग के प्रभावित रहने की संभावना है।

**************

पेरिस पैरालिंपिक में कपिल परमार ने पुरुषों की जे–1 जूडो स्पर्धा के 60 किलोग्राम वर्ग में ब्राजील के एलील्टन डी ओलिवेरा को हराकर कांस्य पदक जीता। यह जूडो में भारत का पहला पदक है। भारतीय दल आज भी कई स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

**************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा फिर शुरु करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– उत्पाद सिपाहीः शारीरिक परीक्षा अब 10 सितंबर से सुबह नौ बजे तक होगी।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– उत्पाद सिपाही भर्तीः 10 से फिर शुरु होगी दौड़, लेकिन पलामू में नहीं।

प्रभात खबर के शब्द हैं– झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी को लगायी फटकार, आज 11. 30 बजे अध्यक्ष को बुलाया।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– घुसपैठ का एक भी मामला मिला तो उपायुक्तों पर दर्ज होगा केस।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– गुमला और लोहरदगा जिले को 347 विकास योजनाओं का दिया तोहफा।

****************